प्रेस नोट

थाना - साइबर क्राइम **दिनांक- 02-06-2024**

02 विदेशी नागरिक (नाइजीरियन) व एक भारतीय महिला सहित 03 शातिर साइबर ठग गिरफ्तार

- **थाना साइबर क्राइम पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म (फेसबुक व इंस्टाग्राम) पर लडकी/महिलाओं के काल्पनिक नामों से आईडी बनाकर भारत के लोगों से दोस्ती कर उनको अपने जाल में फंसाकर ऑनलाइन पैसे की ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए 02 विदेशी नागरिक (नाइजीरियन) व एक भारतीय महिला सहित 03 साइबर ठगों को किया गिरफ्तार।**
- **जिनके कब्जे से 04 मोबाइल फोन, लैपटॉप, फर्जी रसीदें व नगदी बरामद।**
- **अभियुक्तगण भारत में घूमने आने के नाम पर खुद को आना दिखाकर फिर व्हाट्सएप पर कॉल करके स्वंय को दिल्ली हवाई अड्डे फ्लाइट से उतरने पर लाये गये गिफ्ट आई फोन व डॉलर आदि को कस्टम विभाग द्वारा पकडे जाना तथा कस्टम विभाग का अधिकारी बनकर यूएस डॉलर व आई फोन आदि की फीस जमा कराने के नाम पर करते थे ठगी।**

कार्यवाही:-

हापुड पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं साइबर अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना साइबर क्राइम पुलिस ने थाना पिलखुवा के मु0अ0सं0 251/2024 धारा 420,406,467,468,471 आईपीसी व 66डी आईटी एक्ट से सम्बन्धित थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफार्म (फेसबुक व इंस्टाग्राम) पर लडकी/महिलाओं के काल्पनिक नामों से आईडी बनाकर भारत के लोगों से दोस्ती कर उनको अपने जाल में फंसाकर ऑनलाइन पैसे की ठगी करने वाले गैंग का पर्दाफाश करते हुए 02 विदेशी नागरिक

(नाइजीरियन) व एक भारतीय महिला सहित 03 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है, उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी में पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरणः-

गिरफ्तार अभियुक्तों ने पूछताछ करने पर बताया कि फेसबुक व इंस्टाग्राम पर लडकियों के काल्पनिक नामो से फर्जी अकाउंट बनाकर अपनी पहचान छुपाकर भारत के लोगो को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेज देते हैं जो व्यक्ति हमारी फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट कर लेता है फिर हम उसे मेसेंजर पर मेसेज कर दोस्ती कर लेते हैं, फिर हम लोग अपने आप को भारत में घूमने आना और उस व्यक्ति से भारत में आकर मिलना बताकर उसे विश्वास में ले लेते हैं व उस व्यक्ति को भारत में आने की तारीख बताकर पूर्ण विश्वास में ले लेते हैं उस व्यक्ति को जिस तारीख में भारत में घूमने आना बताते हैं उस तारीख में हम लोग विदेशी नम्बरों से उस व्यक्ति को मर्सी केथ से व्हाटसअप कॉल कराते हैं फिर उस व्यक्ति को मर्सी केथ कहती है कि मैं दिल्ली हवाई अड्डे पर आ गयी हूँ आपके लिये यूएस डॉलर आई फोन आदि सामान गिफ्ट में लायी हूँ ये सामान एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने पकड लिया है कस्टम विभाग वाले इस सामान की फीस मांग रहे है और फोन को काट देते हैं। इसके तुरन्त बाद हम लोग कस्टम डिपार्टमेंट का कर्मचारी या अधिकारी बनकर उस व्यक्ति को कॉल करते हैं और उस व्यक्ति को कहा जाता है कि तुम्हारी दोस्त के पास से यूएस डॉलर मंहगा आई फोन आदि समाना मिला है जिसकी आपको करेंसी चेंज कराने व आई फोन की 10% फीस लगेगी और उस व्यक्ति से फीस लेने के बाद जब तक व्यक्ति हमारी बातो में फंसा रहता है तब तक हम लोग मनी एक्सचेंज आदि के नाम पर बार-बार पैसे लेते रहते हैं और विश्वास दिलाने के लिये कस्टम डिपार्टमेंट दिल्ली की फर्जी कूटरचित रसीदें व्हाटस्अप पर भेज देते हैं।

नोटः- *गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के शातिर साइबर ठग हैं जिनके आपराधिक इतिहास की जानकारी अन्य राज्यों/जनपदों से की जा रही है।*

गिरफ्तारी का स्थान व समयः- गली नं0 18 में Flat- WZ/4/14 संतगढ दिल्ली, *दिनांक 02.06.2024*

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पताः

1. पीटर उर्फ DEVID पुत्र Kenneth मूल निवासी ग्राम Delta state ps Delta state city lagos NIGERIA हाल पता WZ 61/62 संतगढ थाना तिलकनगर नई दिल्ली
2. माइकल डीनो अडेक्स पुत्र अडेक्स मूल पता LGOUS Negiria हाल निवासी म0न0 WZ/4/14 3rd Floor गली न0 18 संतगढ थाना तिलकनगर नई दिल्ली।
3. मर्सी केथ पत्नी माइकल डीनो अडेक्स पुत्री PIKHATU मूल निवासी ग्राम KANDINYO STATION DIST. TSEMINYU, NAGALAND हाल निवासी म0न0 WZ/4/14 3rd Floor गली न0 18 संतगढ थाना तिलकनगर नई दिल्ली।

बरामदगी का विवरणः-

1- 04 मोबाइल फोन

2- एक लैपटॉप

3- 1520/- रुपये

4- फर्जी रसीदें

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1-निरीक्षक श्री अरविन्द कुमार थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड ।

2-निरीक्षक मनोज कुमार बालियान थाना पिलखुवा जनपद हापुड ।

3- उ0नि0 श्री विनीत मलिक थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड ।

4- उ0नि0 श्री मनीष चौहान थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड ।

5. म0उ0नि0 यूटी आयशा थाना पिलखुवा जनपद हापुड ।

6. है0का0 807 सतेन्द्र कुमार थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड ।

7. हे0का0 667 संजीव गुप्ता थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड ।

8. का0 08 सौरभ ढाका थाना साइबर क्राइम जनपद हापुड ।